**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी, उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

37.8° अधिकतम तापमान
25.6 न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 25
सूर्यास्त 06 : 45

## शहर में आज



- **कार्यक्रम :** वीर अभिमन्यु क्षत्रिय सभा की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम जरीब चौकी चौराहा पर सुबह 10 .30 बजे।
- **प्रेसवार्ता :** भाजपा राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा की वार्ता मीडिया सेंटर, होटल करतार ग्रैंड फजलगंज में दोपहर तीन बजे।
- **समागम :** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर में प्रबुद्ध समागम शाम 4 .30 बजे।
- **रोड शो :** भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रेसलर द ग्रेट खली का रोड शो, सीटीआई से शाम 5 बजे।

## एक नजर

**हेड इंजरी से मौत :** भैरमपुर निवासी होमगार्ड ओम प्रकाश के शव के पोस्टमार्टम में हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई। पुलिस ने पांच को उठाया है।

# मुख्य दोषी को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

❍ सेशन कोर्ट ने दो आरोपियों को सुनाई थी उम्रकैद की सजा ❍ वर्ष 2010 से जेल में बंद है मुख्य आरोपी

**दिव्या कांड**

● सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 11 को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर के बहुचर्चित दिव्या रेप व हत्याकांड के मुख्य दोषी स्कूल प्रबंधक के बेटे पीयूष वर्मा को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। वहीं सजा के खिलाफ अपील मामले में सुनवाई 11 मई को होगी। बता दें कि सेशन कोर्ट ने स्कूल प्रबंधक के बेटे पीयूष व मुकेश को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिसमें मुकेश को हाईकोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है। अब पीयूष को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है।

दर्ज एफआईआर के मुताबिक रावतपुर स्थित ज्ञानस्थली स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा छह की छात्रा के साथ 27 सितंबर 2010 को स्कूल प्रबंधक चंद्रपाल के बेटे पीयूष वर्मा ने स्कूल में ही दुष्कर्म किया था। हालत बिगड़ने पर स्कूल कर्मचारी उसे घर पर छोड़ गए थे। गंभीर हालत में परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां बाद में उसकी मौत हो गई थी। दिव्या की मां सोनू भदौरिया ने स्कूल प्रबंधन पर दुष्कर्म और हत्या के आरोप लगाए थे। शहर में भारी विरोध प्रदर्शन के बाद दिल्ली व लखनऊ तक मामला पहुंचने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने 23 अक्टूबर 2010 को सीबीसीआईडी को मामले की जांच सौंपी थी। 24 दिसंबर 2010 को सीबीसीआईडी ने स्कूल प्रबंधक चंद्रपाल, उसके बेटे मुकेश, पीयूष व लिपिक संतोष को जेल भेजा था। पांच दिसंबर 2018 को एडीजे द्वितीय ज्योति कुमार त्रिपाठी ने पीयूष व उसके भाई मुकेश को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सबूतों के अभाव में प्रबंधक चंद्रपाल को दोषमुक्त करार दिया था। फैसले के खिलाफ मुकेश व पीयूष ने हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गुलाम रब्बानी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने पीयूष को जमानत दे दी है।

# 75 पन्नों की लिखित बहस दाखिल की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- बचाव पक्ष की ओर से 49 व अभियोजन की ओर से 26 पन्नों की बहस दाखिल
- कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई का दिया अंतिम मौका, वीडियो कांफ्रेसिंग से हुई आरोपियों की पेशी

**अमृत विचार।** आगजनी मामले में बुधवार को अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से 75 पन्नों की लिखित बहस दाखिल की गई। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने सुनवाई के लिए गुरुवार को अंतिम मौका दिया है। जमानत पर चल रहे आरोपी मो. शरीफ की सीडीआर व लोकेशन अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी। मामले के आरोपियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेशी हुई।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी मामले में बुधवार को एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी और शिवाकांत दीक्षित ने लिखित बहस में विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान के घटना पर नहीं होने की बात बताई व प्लॉट का मालिक रिजवान को बताया। प्लॉट में किसी के न रहने और किसी के आग लगाते हुए न देखने की भी बात कही गई। साथ ही नजीर फातिमा के अशरफाबाद में रहने के सबूत दिए। बचाव पक्ष की ओर से 49 पन्नों की लिखित बहस दाखिल की गई। वहीं, अभियोजन की ओर से डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी ने 26 पन्ने की लिखित बहस में विधायक और उनके भाई रिजवान को घटना का मुख्य सूत्रधार बताया। दोनों पक्षों की ओर से लिखित बहस दाखिल होने के बाद कोर्ट ने गुरुवार को अपना पक्ष रखने के लिए आखिरी मौका दिया। इससे पहले आरोपी मो शरीफ की सीडीआर और लोकेशन रिपोर्ट मंगाने को लेकर अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया। जिस पर शरीफ की ओर से दूसरा प्रार्थना देकर कहा गया कि अर्जी खारिज को लेकर वह हाईकोर्ट जाना चाहता है। जिस अभियोजन पक्ष की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई, जिसके बाद कोर्ट ने प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, मो शरीफ इजरायल आटेवाला व शौकत पहलवान का ट्रायल पूरा हो चुका है। शौकत की ओर से पहले ही लिखित बहस दाखिल की जा चुकी है। वहीं इजराइल आटेवाला ने लिखित बहस दाखिल करने से मना कर दिया व शरीफ की ओर से लिखित बहस नहीं दाखिल की गई।

# नली डलवाने को चार घंटे भटकी कैंसर रोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● जेके कैंसर और हैलट के चक्कर लगाती रही





**अमृत विचार।** रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। संस्थान में पूरी जांचें नहीं होने से मरीजों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जांच और इलाज के लिए जब उनको हैलट अस्पताल भेजा जाता है तो मरीजों को काफी घंटों के इंतजार के बाद इलाज मिलता है। ऐसा ही एक वाक्या बुधवार को एक महिला कैंसर रोगी के साथ हुआ।

बर्रा जरौली निवासी 50 वर्षीय महिला को गले में कैंसर है, जिसकी वजह से उनको कुछ भी खाने या पीने में दिक्कत होती है। बुधवार को परिजन महिला को लेकर रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान पहुंचे, जहां एक डॉक्टर ने महिला को परामर्श तो दिया, लेकिन कुछ जांच और गले में नली डालने के लिए हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। क्योंकि यह व्यवस्था जेके कैंसर संस्थान में नहीं है। परिजन महिला को लेकर सुबह करीब 11 बजे हैलट अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। परिजनों के मुताबिक इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टरों ने ईएनटी विभाग में जाने की सलाह दी। ओपीडी में नंबर आने के बाद जब मरीज को लेकर विभाग में गए तो डॉक्टरों ने जेके दोबारा जेके संस्थान भेज दिया। जेके कैंसर से फिर उनको हैलट के ईएनटी विभाग में जाने को बोला गया। इसके बाद हैलट इमरजेंसी में मौजूद पीआरओ ने कॉल कर ईएनटी विभाग के डॉक्टरों को जानकारी दी। तब डॉक्टर आए और महिला के नली डाली।

> महिला को जब इमरजेंसी से ओपीडी के लिए कहा गया था तो परिजन उनको लेकर वार्ड की तरफ चले गए थे। जानकारी होने पर उनको इमरजेंसी भेजा गया और नली डालकर इलाज शुरू किया।
>
> -डॉ .एसके कनौजिया, विभागाध्यक्ष, ईएनटी

## सूरज कहूं या चांद...



झुलसती गर्मी में जब अचानक बदले मौसम में काले-काले बादल में लुका-छुपी करते सूरज ने चांद बनकर चांदनी बिखेरी तो यह मनोहारी दृश्य देख कर ऐसा प्रतीत हुआ जैसे दिन में चांद निकला। बैसाख माह की तपती गर्मी में बुधवार को दोपहर 12 .57 बजे उमड़ कर आए काले बादलों ने सूरज को आगोश में ले लिया। बूंदाबांदी से गर्मी से राहत मिली।

● मनोज तिवारी

# शादी में गया परिवार, चोरों ने सामान किया पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में घर पर ताला डालकर शादी में शामिल होने गये परिवार को चोरों ने नुकसान पहुंचाया है। छत के रास्ते घुसे चोरों ने ताले तोड़कर तकरीबन एक लाख रुपये की नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

श्याम नगर गंगा नगर निवासी सजीवन ने पुलिस को बताया कि वह सपरिवार 19 अप्रैल को सुबह जिला सन्त कबीरनगर के ग्राम देवरी में अपने बड़े भाई की बेटी की शादी में गए थे। 27 अप्रैल को देर रात 2.15 पर वापसी हुई। गेट खोलकर घर के अन्दर गए तो देखा अलमारी और बक्से के ताले टूटे हुए थे। कमरे में रखे सोने और चांदी के जेवरात तथा पांच हजार रुपये नकदी तथा ऊपर वाले कमरे में तीन गुल्लक के रुपये तथा 75,000 रुपये नकदी चोरी हो गया।



अलमारी का टूटा लॉकर।

● चकेरी थानाक्षेत्र का मामला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

### कर्नलगंज में 8 लाख की चोरी

**कानपुर।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में चोरों ने एक खाली घर को निशाना बनाकर नकदी समेत 8 लाख के जेवरात-सामान पार कर दिया। घटना के समय परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। चुन्नीगंज निवासी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उनकी रहमानी मार्केट में घड़ी और चश्मे की दुकान है। मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे पत्नी अलीजा और बच्चों के साथ शादी में शामिल होने गए थे। रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच लौटे तो दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी। कमरे का सामान बिखरा हुआ था। दोनों अलमारियां खुली थीं। उनमें रखी करीब एक लाख 20 हजार की नकदी और जेवर गायब थे। चोरी गए माल की कीमत करीब आठ लाख रुपये बताई है। पीड़ित का आरोप है कि थाने में चोरी की तहरीर दी लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### मोतीझील चौराहे पर दुकान से चोरी

स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में चोरों ने एक कंफेक्शनरी शॉप से हजारों की नकदी पार कर दी। उन्होंने एक परिचित पर चोरी का शक जताया है। अशोक नगर निवासी धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि उनकी मोतीझील चौराहे पर कंफेक्शनरी की दुकान है। बुधवार को उन्होंने दुकान खोलकर गल्ला चेक किया तो उसमें रखी 40 हजार की नकदी गायब थी। बताया कि कुछ दिनों पहले अमन नाम का व्यक्ति उनकी दुकान पर काम की तलाश में आया था। एक-दो दिन काम किया इसके बाद से वह लापता है। उन्हें शक है, कि चोरी में उसी का हाथ है।

## किशोरी लापता तीन पर रिपोर्ट

**कानपुर।** गोविंद नगर में मामी के घर जाने को निकली 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। पिता ने इलाके के युवक व साथियों पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोविंद नगर निवासी श्याम कुमार ने बताया कि बेटी दो मई से नहीं लौटी। पता चला कि भाटिया भवन में किराए पर रहने वाले सुनील ने बहला फुसला कर बेटी को गायब किया है। आरोप है कि विरोध करने पर सुनील ने साथियों संग मारपीट कर दी। गोविंद नगर इंस्पेक्टर ने बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# मौसम नरम, अब आंधी और पानी के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बंगाल व अरब की खाड़ी की नम हवाओं ने बदला मौसम सात डिग्री लुढ़का पारा

**अमृत विचार।** शहर में 12 मई तक आंधी व बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि बुधवार को मौसम में बदलाव की दस्तक हुई है। अचानक मौसम बदलने से अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस तक आ गिरा। इसकी वजह नए पश्चिमी विक्षोभ के बनने और बंगाल और अरब की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं हैं।

शहर में सुबह से ही मौसम ने अपना मिजाज बदल लिया। लगभग 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम सुहाना कर दिया। मौसम विभाग ने फिलहाल 12 तक यह स्थिति बनी रहने की संभावना जताई है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 24 घंटे के भीतर सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



मौसम नरम पड़ा तो गंगा की सैर को पहुंच गईं युवतियां। अमृत विचार

## प्रभु के पाठ में लगे जयकारे

**कानपुर।** व्यापारी नेता व पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्र की जयंती पर बुधवार को आचार्य नगर स्थित आवास पर सुंदर कांड का पाठ आयोजित हुआ। पुण्य स्मृति में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय सुंदरकांड के बीच भक्तों की ओर से जयकारे लगाकर प्रभु का आह्वान किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद रहकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**बाजार** | चुनाव आचार संहिता के चलते छोटे उत्पादों को ही कारोबारियों ने किया तैयार

# अक्षय तृतीया : चुनाव की मार, ग्राहकों का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया पर्व को लेकर सोना-चांदी बाजार में तैयारी पूरी हो गई है। अब ग्राहकों का इंतजार है। इस बार पर्व पर खरीदारी को लेकर कारोबारी आशंकित हैं क्योंकि लोकसभा चुनाव के लिए कई बंदिशें लगी हैं। कारोबारियों ने आचार संहिता की वजह से बाजार के मंदा होने की बात कही है।

बिरहाना रोड के कारोबारियों ने बताया कि इस बार ग्राहकों के बीच खरीदारी को लेकर उत्साह कम है। इसकी वजह चुनाव व सहालग का न होना है।

इसे देखते हुए कारोबारियों ने छोटे चांदी व सोने के सिक्के और अधिक संख्या में तैयार कराए हैं।

माना जा रहा है कि इस बार 5 ग्राम के सोने के सिक्के और दस ग्राम के चांदी के सिक्के सबसे अधिक बिक सकते हैं। चौक सराफा के कारोबारियों ने बताया कि उनका ज्यादातर थोक का कारोबार होता है। बाजार में आस-पास के जिलों के रिटेल कारोबारियों पर अधिक निर्भर है। इस बार आचार संहिता के चलते 50 हजार रुपये की सीमा के चलते अन्य जिलों के कारोबारी थोक बाजारों की ओर से नहीं आए। इसका सीधा असर अक्षय तृतीया पर्व पर पड़ा है। सबसे अधिक मांग चांदी के सिक्कों की है।



बाजार में आए सिक्के।



ग्राहकों को लुभाने के लिए शोरूम तैयार। अमृत विचार

### सुकर्मा योग में मनेगा अक्षय तृतीया का पर्व

ज्योतिषाचार्य पं . मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि 10 मई को अक्षय तृतीया पर सुकर्मा योग दोपहर 12 बजकर 08 मिनट से है जो दिन भर रहेगा। रवि योग भी रहेगा। सुबह 5 बजकर 33 मिनट से सुबह 10 बजकर 37 मिनट तक पूजन व खरीदारी का योग है। इसके बाद दोपहर 12 बजकर 18 मिनट से लेकर 1 बजकर 59 मिनट तक सोना, चांदी,वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने का शुभ समय बन रहा है। शाम को 5 बजकर 06 मिनट से 6 बजकर 46 मिनट तक और रात में 09 बजकर 40 मिनट से रात 10 बजकर 59 मिनट तक खरीदारी का शुभ समय है।



आचार संहिता की वजह से कारोबार बहुत प्रभावित हुआ है। 50 हजार रुपये की लिमिट की वजह से कारोबारी नकद रकम लेकर निकला ही नहीं। इसके अलावा सोना-चांदी महंगा होने की वजह से ग्राहक छोटे आइटम की मांग ही करेंगे।

-आशू शर्मा, अध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन



बाजार पूरी तरह ठंडा पड़ा है। हम थोक कारोबारियों को इस समय खाना खाने की फुरसत नहीं होती थी। इस बार चुनाव की वजह से बाजार में कोई रौनक नहीं है। त्योहार वाले दिन कुछ रौनक की उम्मीद है।

जलज द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन



चुनाव व आचार संहिता का असर इस बार त्योहार पर बहुत पड़ा है। कारोबारी और आम ग्राहक भी नकद रकम लेकर चलने से बच रहा है। सोने के छोटे सिक्के व चांदी के सिक्के की बाजार में भरमार है।

-पंकज अरोड़ा, अध्यक्ष, कानपुर महानगर सर्राफा एसोसिएशन



सहालग न होने की वजह से भी बाजार में सन्नाटा है। त्योहार का कोई असर ही नहीं दिख रहा है। इसके अलावा चुनाव भी है। ऐसे में कारोबारियों ने भी सीमित ही तैयारी की है।

उत्कर्ष गुप्ता, मंत्री, महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन



# मुकदमा वापस लेने को धमकाने के लिए घर के बाहर फायरिंग

## कल्याणपुर थानाक्षेत्र के इंदिरा नगर की घटना, सीसीटीवी की जांच कर रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में बच्चे से कुकर्म के प्रयास का विरोध करने पर आरोपियों ने दंपति को पीटते हुए महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपियों ने मुकदमा वापस कराने के लिए दंपति के घर के बाहर मंगलवार देर रात फायरिंग की। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने तहरीर दी है।

21 अप्रैल की शाम इंदिरा नगर निवासी पीड़ित महिला के बेटे की गेंद खेलते-खेलते पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान में चली गई थी। बच्चा उसे लेने पड़ोसी के घर गया तो वहां काम कर रहे मजदूर बजरंगी ने उससे कुकर्म का प्रयास किया। बच्चे ने परिजनों ने मकान मालिक जगपाल सिंह से शिकायत की तो मकान मालिक ने अभद्रता की।

आरोपियों ने दंपति को जमकर मारापीटा और छेड़छाड़ की। पुलिस ने बजरंगी, मकान मालिक जगपाल सिंह, विजय कुमार उनकी पत्नी, आनन्द कुमार आदि के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ और पॉक्सो में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने 30 अप्रैल को पुलिस ने पीड़िता के 164 के बयान भी करवा लिए थे। मुकदमा वापस लेने के लिए आरोपियों ने मंगलवार रात एक बजकर तीन मिनट पर पीड़िता के घर पर फायरिंग की जिसका वीडियो सीसी कैमरे में कैद हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी।

कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, फुटेज देखे जा रहे हैं।

## सांसद के फोटोग्राफर से लूट करने वाला लुटेरा गिरफ्तार, एक फरार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में अप्रैल माह में सांसद के निजी फोटोग्राफर से लूट करने के आरोपी 25 हजार के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है।



आरोपी अरुण उर्फ बिन्गो।

पहलवान पुरवा निवासी राहुल कश्यप देवेंद्र सिंह भोले के निजी फोटोग्राफर हैं। राहुल ने पुलिस को बताया था कि 23 अप्रैल की रात 12.15 बजे करीब वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। घर से कुछ दूर पहले दो युवकों ने मारपीट कर पड़े पांच हजार रुपये, आईफोन व एक अन्य फोन समेत जरूरी कागज लूट लिए और फरार हो गए थे। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि लुटेरों की पहचान होने के बाद लल्लनपुरवा निवासी अरुण उर्फ बिन्गो और विष्णुपुरी निवासी अमित गौतम पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया था। नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ के नेतृत्व में कैमरों की मदद से लुटेरे अरुण उर्फ बिन्गो को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से तमंचा कारतूस बरामद किया गया है।

# केस्को के कार्यों का होगा थर्ड पार्टी ऑडिट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के निर्देश पर कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केस्को) के कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट होगा। ऑडिट के लिए दो कंपनियों को नामित किया गया है।

केस्को के शहर में करीब सात लाख उपभोक्ता हैं। प्रतिदिन किसी न किसी वजह से कुछ क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली न आने पर गर्मी में परेशान होना पड़ता है। जबकि सर्दी के मौसम में ही केस्को को सारी व्यवस्था दुरुस्त कर लेने के निर्देश उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए थे। इसलिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के निर्देश पर कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी द्वारा कराए गए कार्यों का थर्ड पार्टी ऑडिट होगा। इसके तहत नए लगे ट्रांसफार्मर, एचटी व एलटी सर्किट, अर्थिंग, सीटी, जंपर, एबीसी लाइन व केबल आदि की जांच होगी। केस्को अधिकारियों के मुताबिक कंपनी के ऑडिट के साथ ही एक्सईएन, जेई, एई, दूसरे खंड और सब स्टेशन क्षेत्रों की जांच की जाएगी। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि थर्ड पार्टी ऑडिट में कहीं अगर गड़बड़ी मिलती है तो उसका पता लगाकर ठीक किया जाएगा।

### फॉल्ट और ट्रिपिंग रोकना है मकसद

केस्को अधिकारियों के मुताबिक ऑडिट के दौरान पूरे सप्लाई सिस्टम को देखा जाएगा, जो उपकरण लगाए गए हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच होगी। कंपनी के अधिकारी देखेंगे कि जो उपकरण लगाए गए हैं, वह कहीं से ढीले तो नहीं हैं। उनकी वजह से भविष्य में फॉल्ट या ट्रिपिंग होने की समस्या तो नहीं आ सकती है। अगर कहीं छोटी-मोटी दिक्कत मिली तो उसको जल्द से जल्द ठीक भी कराया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसका उद्देश्य भविष्य में होने वाले फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या को रोकना भी है।

## सार-संक्षेप



मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम पेश किए बच्चों ने। अमृत विचार

### मातृ दिवस मनाया गया

**कानपुर।** कारवर पब्लिक स्कूल की ओर से बुधवार को मातृ दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी मां के प्रति अपनी प्रेम और समर्पण की भावना को व्यक्त किया। स्कूल के प्रमुख ने इस अवसर पर सभी माताओं को धन्यवाद दिया और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से बच्चों को मां का जीवन में महत्व भी समझाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों व उनकी मां ने पुरस्कार भी जीते। पुरस्कार हासिल करने वालों में सीमा, निधि त्रिपाठी, हेमलता कुशवाहा, दुर्गा, प्रीति सिंह प्रमुख रहीं। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य पायल सक्सेना ने कहा कि मां हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण और प्रिय हस्ती हैं। हमें हमेशा उनके साथ प्रेम, समर्पण, और सहानुभूति को महसूस करना चाहिए। मां के प्यार में हमें हमेशा सुरक्षित महसूस होता है।



अवार्ड और प्रमाणपत्र के साथ सफल बच्चे। अमृत विचार

### एलेनहाउस ने हासिल की सफलता

**कानपुर।** एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और ऑल इंडिया मैंनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से बुधवार को स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम-27 के फिनाले का आयोजन हुआ। रूमा स्थित संस्थान परिसर में हुए आयोजन की शुरुआत एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर मैनेजमेंट प्रोफेसर डॉक्टर शिवानी कपूर ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्रों का न केवल ज्ञान वर्धन होता है बल्कि सैद्धांतिक ज्ञान का प्रयोग भी बढ़ता है। इसके साथ ही उन्होंने इस प्रकार के गेम्स की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर डॉ रूबी चावला भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट गेम से छात्रों के भीतर निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में कानपुर, लखनऊ व अन्य जिलों के 50 से अधिक संस्थानों की 26 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन एससी त्यागी ने किया। कार्यक्रम में एलेनहाउस इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की टीम ने प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जागरण कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में अकादमिक अधिष्ठाता सौरभ शुक्ला, आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, डायरेक्टर एलेनहाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी डॉ मनोज कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता डॉ. देव सिंह, प्राचार्या डॉ. सुधा सहित अन्य मौजूद रहे।



सिलाई मशीन का वितरण किया गया। अमृत विचार

### कार्यकर्ताओं को दी सिलाई मशीन

**कानपुर।** एकल अभियान की ओर से परिवार स्वावलंबन योजना के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह संस्था के अध्यक्ष डॉ. एएस प्रसाद की अध्यक्षता में हेरिटेज होम स्वरुपनगर में हुआ। कार्यक्रम का संचालन दीप कुमार ने किया। सम्मान समारोह में राष्ट्रीय संगठन प्रभारी माधवेंद्र सिंह ने कहा कि एकल अभियान के सेवाव्रती त्याग, समर्पण के साथ राष्ट्र सेवा में अपना बहुमूल्य समय दे रहें हैं। ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सदैव अभियान चिंता करता है। इसी कड़ी में उनके परिजन स्वावलंबी बन सकें, इसकी पहल सिलाई मशीन देकर की गई है। उत्तराखंड शामली जिले के दीपक जैन ने 10 वर्ष से सेवा करने वाले सभी सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को 50 सिलाई मशीन दी। समापन पर केंद्रीय आरोग्य योजना प्रभारी डॉ. उमेश पालीवाल ने पदाधिकारिओं, कार्यकर्ताओं को आभार जताया। इस मौके पर डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय, डॉ. अल्का शर्मा, ममता अवस्थी ओमप्रकाश शर्मा, सविता गुप्ता, सुखविंदर सिंह, राजीव बाजपेई आदि रहे।

# लंबित विवेचना पर कोर्ट सख्त, रिपोर्ट तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव थाने में लखनऊ में तैनात आठ क्राइम ब्रांच जवानों के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट
- बंधक बनाकर 40 लाख रुपये लूटने का लगाया था आरोप

**अमृत विचार।** लखनऊ क्राइम ब्रांच के आठ जवानों के खिलाफ पिछले ढाई साल से लटकी विवेचना व थाने से सबूत गायब होने के मामले में कोर्ट ने नाराजगी जताई। सीएमएम कोर्ट ने एक माह के भीतर विवेचना व सबूत गायब करने वाले पुलिस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने के पुलिस कमिश्नर को आदेश दिए।

शास्त्री नगर निवासी मयंक सिंह ने कोर्ट के आदेश पर लखनऊ क्राइम ब्रांच में तैनात आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ काकादेव थाने में नवंबर 2021 में डकैती की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मयंक ने आरोप लगाया था कि क्राइम ब्रांच के जवानों ने उसे पकड़ कर जबरन बंधक बनाया और 40 लाख रुपये लूट लिए। मामले में ढाई साल से विवेचना लंबित होने के बाद मयंक ने सीएमएम कोर्ट में याचिका दाखिल की। मयंक ने बताया कि पुलिस ढाई साल से विवेचना लंबित रखे है, साथ की कहा कि कोर्ट में पेश किए गए सबूत जो विवेचना में शामिल करने के लिए थाने के पैरोकार को दिए गए थे वो भी गायब हो गए हैं। जिसके बाद कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को निर्देश जारी करते हुए कहा कि मामले की जल्द से जल्द विवेचना पूरी कराएं। सबूत गायब करने वाले पुलिसकर्मियों की जांच करा कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए और मामले की पूरी रिपोर्ट एक माह में पेश करने के आदेश जारी किए।

# रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर कानपुर मेट्रो ने किया पुस्तक मेले का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर कानपुर मेट्रो ने बुधवार से मोतीझील स्टेशन पर बुक फ़्लिक्स संस्था के साथ मिलकर 20 दिनों तक चलने वाले बुक फेयर का आयोजन किया। पुस्तक मेले में देश-विदेश के प्रतिष्ठित लेखकों की रचनायें उपलब्ध हैं, जिन्हें खरीदने वालों को डिस्काउंट का लाभ भी मिलेगा। मेले के दौरान कानपुर मेट्रो द्वारा साहित्यिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

पुस्तक पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कानपुर मेट्रो समय-समय पर पुस्तक मेले का आयोजन करता रहा है। इस लिहाज से मोतीझील मेट्रो स्टेशन का गेट नं-2 पुस्तक प्रेमियों के लिए एक पसंदीदा प्वाइंट बनकर उभरा है। आज भी मोतीझील स्टेशन में इसी स्थान पर पुस्तक मेले का शुभारंभ किया गया। भारत के महान मनीषी, चिंतक और साहित्यकार रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर आयोजकों ने गुरूदेव द्वारा लिखित गोरा, गीतांजलि आदि पुस्तकें विशेष रूप से प्रदर्शित कीं।



पुस्तक मेले में किताबें देखते युवा। अमृत विचार

- मोतीझील स्टेशन पर शुरू हुआ पुस्तक मेला, लोकप्रिय और कालजयी रचनायें हैं

यूपीएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि पुस्तक मेले में आने वाले युवाओं को समकालीन विषयों पर लिखी गईं व मोटिवेशनल किताबें भी पसंद आती रहीं हैं, जिसका आयोजकों ने पूरा ध्यान रखा है। बच्चों के लिए 'मांगा' सीरीज, हैरी पॉटर और सुपरहिरोज पर आधारित कॉमिक्स का संग्रह भी पुस्तक मेले में उपलब्ध है। कानपुर मेट्रो द्वारा विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जा रहे पुस्तक मेलों को पुस्तक प्रेमियों के साथ-साथ मेट्रो यात्रियों का समर्थन मिल रहा है।

## रुपये न देने पर पत्नी को चाकू मारा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के स्वर्ण जयंती विहार निवासी पूजा श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि उनका विवाह जून 2012 में विकास कुमार श्रीवास्तव के साथ हुआ था। उनके दो बच्चे हैं। आरोप लगाया कि पति शराब का अधिक सेवन करता है। जिसके चलते वह शराब पीकर मारता पीटता है। आर्थिक स्थिति खराब हो जाने पर उन्होंने बच्चों के पालन पोषण के लिए जाजमऊ स्थित एक टेनरी में काम करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने बताया कि 26 अप्रैल को जब वह काम से वापस लौटकर आई तो पति ने शराब पीने के लिए रुपये मांगे। विरोध करने पर आरोपी गाली देकर मारपीट की और पेट में चाकू घोप दी। इसके बाद उन्होंने मायके वालों को सूचित किया। मायके वाले पूजा को साथ लखनपुर ले गये। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सीपीएल मुकाबले में गोरखपुर ने जीता मैच

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रा क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित चंद्रा प्रीमियर लीग में बुधवार को सीएम गोरखपुर और देवरिया धनेश्वरी के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर देवरिया ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा और गोरखपुर ने चार विकेट से मुकाबला जीत लिया।



चंद्रा प्रीमियर लीग (सीपीएल) का मुकाबला मंधना स्थित मैदान पर हुआ। सीपीएल के कमिश्नर नीरज वर्मा ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए देवरिया टीम ने 29.2 ओवर में 118 रन बनाए। टीम के सक्षम यादव ने 51 व आदित्य भूषण ने 39 रन का योगदान दिया। गोरखपुर टीम के बृजेश बिंद ने तीन और हर्ष कुमार ने दो विकेट झटके।

- देवरिया धनेश्वरी चार विकेट से हारा

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोरखपुर टीम ने 22.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के विशाल कुमार ने 42, अजीत यादव ने 26, तरुण द्विवेदी ने 23 रनों का योगदान किया। देवरिया टीम के देवांश सिंह और अमितेष मिश्रा ने दो-दो विकेट झटके।

मैच में ब्रजेश बिंद को मैन ऑफ द मैच और आदित्य भूषण को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। जीडीएस क्रिकेट अकादमी के कोच अविरल रावत और शुभम गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### सेवन ब्लाक खो-खो चैंपियनशिप 15 जून से

**कानपुर।** सेवन ब्लॉक खो-खो एसोसिएशन ऑफ इंडिया की जूनियर नेशनल चैंपियनशिप 15 और 16 जून को शहर में होगी। संघ के महासचिव डॉ. बीआर यादव ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कई राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने के लिए 25 मई तक इच्छुक टीमें संपर्क कर सकती हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता गोकुलधाम में कराई जाएगी। प्रतियोगिता के मैच लीग कम नाक आउट आधार पर होंगे।

### डे-नाइट फुटबाल 12 मई से

**कानपुर।** जिला फुटबाल संघ की ओर से शास्त्रीनगर में नवनिर्मित फुटबाल ग्राउंड पर डे-नाइट फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 12 मई से होगा। जिला सचिव अजीत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक टीमें 11 मई तक संपर्क कर सकती हैं। प्रतियोगिता के मैच शाम छह बजे से शुरू होंगे।



ताइक्वांडों में भिड़ते प्रतिभागी। अमृत विचार

### ताइक्वांडो ट्रायल में 12 स्कूलों के बच्चों ने किया प्रतिभाग

**कानपुर।** एएसआईएससी नॉर्थ जोन ताइक्वांडो ट्रायल में बुधवार को 12 स्कूलों के 154 बच्चों ने प्रतिभाग किया। ट्रायल का उद्घाटन संयुक्त रूप से बिशप वेस्टकोट स्कूल की प्रिंसिपल अर्पिता लॉरेंस, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस की प्रिंसिपल निर्मला जोसेफ और प्रयाग एकेडमी स्कूल की प्रिंसिपल शुचि केसवानी ने किया। मेडल सूची में सबसे ऊपर वीरेंद्र स्वरूप, दूसरे नंबर पर बिशप वेस्टकोट स्कूल व तीसरे स्थान पर यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के बच्चे रहे। ट्रायल में डॉ. वीरेंद्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर अवधपुरी, कात्यान पब्लिक स्कूल, यूनाइटेड पब्लिक स्कूल, सेंट लॉरेंस, मेथाडिस्ट हाईस्कूल, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल कैंट, सीलिंग हाउस, सेंट एलॉयस के बच्चों ने प्रतिभाग किया। गुरुवार को साउथ जोन के ट्रायल होंगे। इस अवसर पर सौरभ श्रीवास्तव, अमित राजपूत, विजय त्रिपाठी, प्रयाग सिंह, सोनाली बिस्ट, स्वाति चक्रवर्ती, उमा शर्मा, पूजा मल्होत्रा, सत्येंद्र यादव, विनोद गुप्ता, सत्येंद्र सिंह आदि विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

जनसमस्या — एनओसी में 45 दिन और फिर प्रमाण पत्र में 45 दिन का लग रहा समय

# जन्म प्रमाण पत्र चाहिए तो तीन महीने चक्कर लगाना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अफीम कोठी में रहने वाली खुशबू अपने दोनों बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिछले दो महीने से नगर निगम के चक्कर काट रही हैं। 11 मार्च को उन्होंने एनओसी के लिए आवेदन किया था। 55 दिन बीतने के बाद भी उसके हाथ में एनओसी नहीं मिल पाई। इसी तरह रामादेवी में रहने वाले अक्षय सिंह भी अपने पांच वर्ष के बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिये परेशान है। एनओसी न मिलने की वजह से उनके बच्चे का प्रमाण पत्र बनने की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। नगर निगम में ऐसे कई अभिभावक हर रोज धक्के खा रहे हैं।

नगर निगम के सभी जोन के लिए एक साल के ऊपर वाले जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन से पहले नगर निगम से एनओसी लेना जरूरी है। यह एनओसी जोनल कार्यालयों से नहीं बल्कि नगर निगम के जन्म मृत्यु कार्यालय से मिलती है। जिसके चलते हर दिन 40 के 50 आवेदन आ रहे है। एनओसी रिकार्ड चेक करने के बाद दी जाती है, जिसमें 30 से 45 दिन का समय लगता है। वर्तमान में जोन चार के ऑफिस में दो हजार आवेदन अभी पैंडिंग है, जिनकी एनओसी दी जानी है। नगर निगम से जुड़े अधिकारियों के अनुसार एनओसी लेने का मतलब साफ है कि नगर निगम से पूर्व में प्रमाण पत्र बनवाया तो नहीं गया। इसके पीछे चल रहे फर्जीवाड़े को खत्म करने के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई है। एनओसी मिलने के बाद जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसके बाद तहसीलदार की प्रारंभिक जांच और डीएम परमिशन के बाद प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। जिसे नगर निगम के अलावा ऑनलाइन भी देखा व प्रिंट किया जा सकता है। कुल मिलाकर एस साल से ऊपर वाले जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में 90 दिन आपको इंतजार करना पड़ सकता है।



- दो हजार प्रमाण पत्र एनओसी में फंसे, एक ही जोन पर सारा बोझ डाला

### जन्म से 21 दिन में बनवा लें प्रमाण पत्र

- आपने बच्चे के जन्म के 21 दिन के भीतर जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया तो आप को परेशान होना पड़ सकता है। इसी लिये बच्चे के जन्म होते ही प्रमाण पत्र को बनवा लें। ताकि, आपको दिक्कत न हो।

### प्रमाण पत्र बनवाने में कितना समय लग सकता

- 21 दिन से पहले हॉस्पिटल या घर में हुआ हो जन्म, तो जोनल ऑफिस से 10 से 15 दिन का समय प्रमाण पत्र बन सकता है।
- एक महीने से ऊपर के प्रमाण पत्र के आवेदन के लिए सीएमओ की परमिशन रिपोर्ट आवश्यक है। जिसमें 20 से 25 दिन का समय लगता है।
- एक साल के ऊपर के प्रमाण पत्र बनवाने में एनओसी के साथ डीएम परमिशन रिपोर्ट आवश्यक है। जिसमें एनओसी में 45 और डीएम परमिशन रिपोर्ट में 45 दिन का समय लगता है।

### यह पेपर लगाने जरूरी

- जन्म से 21 दिन से पहले केवल हॉस्पिटल का बर्थ सर्टिफिकेट, माता पिता का आधार कार्ड लगता है।
- जन्म के एक माह बाद हॉस्पिटल की पर्ची के साथ माता पिता का आधार कार्ड और एक शपथ पत्र भी लगाना होता है।
- एक साल के बाद प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगर निगम की एनओसी के अलावा माता पिता का आधार कार्ड, शपथ पत्र और पड़ोसी के दो आधार कार्ड व शपथ पत्र लगाना आवश्यक है।

## पांच माह बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

**कानपुर।** बर्रा में बंद घर से लाखों की चोरी की रिपोर्ट पांच महीने बाद दर्ज की गई। पीड़ित का आरोप है कि थाने के चक्कर लगाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। बर्रा दो निवासी हितेश प्रताप सिंह ने बताया कि उनके पिता डिफेंस कर्मी हैं और मां के साथ महाराष्ट्र में रहते है। वह यहां बहन के साथ रहता है। बताया कि बीते 30 दिसंबर को वह बहन के साथ बाहर गया था। इस दौरान चोरों ने ताला तोड़कर बहन के जेवर, कपड़े समेत अन्य सामान पार कर दिया था। घटना की जानकारी होने पर उसने थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश के बाद बुधवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



पतारा में मुख्यमंत्री की जनसभा में उमड़ी भीड़। अमृत विचार



मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न देते सतीश महाना, राकेश सचान, देवेंद्र सिंह भोले आदि। अमृत विचार

## श्रीप्रकाश जायसवाल के भाई भाजपा में शामिल



प्रमोद जायसवाल।

**कानपुर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के भाई प्रमोद जायसवाल ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। योगी आदित्यनाथ की जनसभा के मंच पर प्रमोद को राकेश सचान, ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। प्रमोद जायसवाल ने कहा कि गुजारिश करता हूं कि भारी से भारी संख्या में वोट देकर देवेंद्र सिंह भोले को जिताइये। प्रमोद जायसवाल इससे पहले आर्य नगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं।

### अकबरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में सीएम ने की जनसभा

# 'अकबरपुर' बोलने में संकोच लगता गुलामी का निशान मिटाएंगे- योगी

- कहा, चुनाव में एक तरफ रामभक्त और दूसरी तरफ रामद्रोही हैं
- सपा-कांग्रेस पर हमला, क्षेत्र व जाति के नाम पर लड़ाते हैं रामद्रोही
- जितना भी बड़ा माफिया हो, राम नाम सत्य की यात्रा निकाल देंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर



मंच से जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सतीश महाना, राकेश सचान, प्रतिभा शुक्ल, नीलिमा कटियार, देवेंद्र सिंह भोले आदि। अमृत विचार

**धूप हो बरसात हो, चाहे आंधी आए, वोट जरूर डालें**

सीएम योगी ने कहा कि धूप हो, बरसात हो, चाहे आंधी आए, वोट जरूर डालें। भाजपा नेताओं से कहा कि आप सभी घर-घर जाइए लोगों को बताइये कि कमल पर वोट पड़ा तो यह मोदी जी के खाते में जायेगा। इससे वर्तमान के साथ आने वाली पीढ़ी भी बदलेगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले और भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। पहले मतदान फिर जलपान का नारा भी लगाया।

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में जनसभा करने पतारा (घाटमपुर) पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकबरपुर नाम ऐसा है कि बार-बार बोलने में संकोच होता है। हमें गुलामी के निशानों को समाप्त करना है। विरासत का सम्मान करना है। गुलामी के इन निशानों को समाप्त करने का जो सिलसिला शुरू हुआ है, उसमें हम भी एक वोट देकर सहभागी बन सकते हैं। अकबरपुर से गुलामी के निशान को खत्म कर देंगे। हम सर्वे करा रहे हैं कि यहां चीनी मिल लगाई जा सके। सर्वे की रिपोर्ट आते ही कार्यवाही की जाएगी। चुनाव में एक तरफ रामभक्त और दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। आज देश में आवाज गूंज रही है, जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा के मंच पर बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटमपुर मां कुष्मांडा देवी की भूमि है। यह केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। यह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। रामभक्त भारत को आत्मनिर्भर बनाने में लगे हैं तो रामद्रोही सबको आपस में लड़ाने में जुटे हैं। भारत के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार में पिछड़ा-दलितों का अधिकार ये लोग मुसलमानों को दे देते थे।

सच्चर कमेटी का जिक्र करते हुये कहा कि पिछड़ी जाति के आरक्षण में छह प्रतिशत की कटौती की गई। रिपोर्ट में कांग्रेस ने साजिश करते हुए मुसलमानों की जातियों को एससी-एसटी में शामिल किया था। उन्होंने मौजूद जन सैलाब से कहा कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले को तीसरी बात जीत दिलाने जा रहे हैं। यह कानपुर और देश के लिए गर्व की बात है। घाटमपुर के कार्यकर्ताओं का यह जन सैलाब देखकर लग रहा है कि अबकी बार 400 पार। जनसभा में अकबरपुर लोकसभा के प्रत्याशी प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील, स्वप्निल वरुण, मनोज सिंह, अरुणा कोरी, देवेश कोरी, कानपुर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, उपेंद्र पासवान, रामप्रकाश कुशवाहा, रमेश यादव आदि नेता रहे।

### माफिया के घर फातिहा पढ़ने जाते हैं

- मुख्यमंत्री ने कहा कि परम रामभक्त पूर्व सीएम कल्याण सिंह के निधन और प्रयागराज में राजू पाल की हत्या हुई तो विपक्षियों के पास संवेदना के लिये शब्द नहीं थे। उमेश पाल के हत्यारों को हमारी सरकार ने मिट्टी में मिला दिया। लेकिन इनका चरित्र देखिये, यह माफिया के घर फातिया पढ़ने गये थे। इनकी संवेदना रामद्रोहियों के प्रति है। कुछ विपक्षी दलों के नेता माफिया से प्रेम करते हैं। अब माफिया को ठिकाने लगाने का काम हो रहा है। जितना भी बड़ा माफिया हो हम राम नाम सत्य की यात्रा भी निकाल रहे हैं।

### कानपुर में बनीं तोपें सीमा पर गरजेंगी

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की सीमा सुरक्षित की गई हैं। विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। सपा सरकार में जहां कभी तमंचे बिकते थे। वहां डिफेंस कॉरिडोर बन गया है। यहां अब तोपे बनेंगी। कानपुर में बनी तोप जब देश कर सीमा पर गरजेगी तो कानपुर के साथ देश का नाम भी रोशन होगा।

### दो धुरंधर विरोधी दिखे एक मंच पर

- पतारा में मुख्यमंत्री की जनसभा में वर्षों पुराने गिले-शिकवे भूलकर दो धुरंधर विरोधी राकेश सचान व विजय सचान एक मंच पर दिखे । घाटमपुर की राजनीति के मामले में हमेशा राकेश सचान व विजय सचान राजनीतिक प्रतिद्वंदी रहे हैं। अब दोनों भाजपा में आ गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजय सचान को मंच से विधायक का दर्जा भी दे दिया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में विधायक विजय सचान कहा।

### घाटमपुर में चीनी मिल की उम्मीद जगी

- घाटमपुर तहसील में बंद पड़ी घाटमपुर चीनी मिल को फिर से चालू कराए जाने का संकेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दे गए हैं। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने घाटमपुर की बंद पड़ी चीनी मिल का मुद्दा उठाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में घाटमपुर चीनी मिल का जिक्र करते हुए कहा कि अगर क्षेत्र के किसानों से पर्याप्त गन्ना उपलब्ध होता है तो घाटमपुर की बंद पड़ी चीनी मिल को शुरू करने के लिए फाइल आगे बढ़ा दी जाएगी।

### भारत माता की जय नहीं तो यहां रहने का अधिकार नहीं

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंच से कहा कि एक नारा है भारत माता की जय का नारा। इसे लगाना होगा। जो यह नारा नहीं लगा सकता उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं है। 13 तारीख को ज्यादा से ज्यादा वोट डलाने हैं।



जीत प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। अमृत विचार

### जीत प्रताप सिंह ने सीएम का किया स्वागत

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के पतारा में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जीत प्रताप सिंह ने योगी आदित्यनाथ के आगमन पर उनका स्वागत किया।



रायपुरवा माथुर वैश्य धर्मशाला में साहू समाज की बैठक में रमेश अवस्थी का स्वागत।

### रमेश अवस्थी ने चहुंमुखी विकास का किया वादा

**कानपुर।** रायपुरवा के माथुर वैश्य धर्मशाला में साहू समाज की बैठक हुई। इसमें कानपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन का संकल्प लिया गया। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के बैनर तले हुई इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। रमेश अवस्थी ने ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की, साथ ही चुनाव जीतने के बाद कानपुर के चहुंमुखी विकास का वादा किया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत साहू ने की। संचालन कानपुर जिला अध्यक्ष नरेश साहू ने किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश अवस्थी, कानपुर नगर निगम के उप सभापति सन्तोष साहू, डॉ राम आसरे साहू, विजयलक्ष्मी साहू, श्यामलाल साहू, शिवनाथ साहू, रामबली साहू, धनपत साहू, डॉक्टर पंकज प्रभात, राजेश साहू, विक्की साहू, दिनेश राठौर, राकेश साहू, रिंकू साहू, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं, रमेश अवस्थी ने बुधवार को छावनी विधानसभा क्षेत्र से प्रारंभ किया। जनसंपर्क के दौरान घरों से निकलकर लोगों ने लोकसभा प्रत्याशी को माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया और जीत के लिये तिलक लगाया। जनसंपर्क की शुरुआत शांति वाटिका पार्क शांति नगर से हुई। जनसंपर्क के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पवन दीक्षित, सोनू अवस्थी, अनूप गुप्ता, सोनू पांडे जिला अध्यक्ष, दीपू पांडे सुनील नारंग सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनाव कराएंगे दस हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 1411 मतदान केंद्रों की सुरक्षा सीपीएमएफ हवाले
- 25 से अधिक विद्यालयों में फोर्स को ठहराया गया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को चुनाव कराने के लिए सीपीएमएफ और पीएसी बल शहर में आ चुका है। जिन्हें शहर के 25 से अधिक विद्यालयों में ठहराया गया है। अफसरों की मानें तो शहर में बने 1411 मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी सीपीएमएफ को सौंपी जाएगी। किसी भी तरह की लापरवाही और चूक होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

अपर पुलिस आयुक्त हेडक्वार्टर एवं क्राइम विपिन मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को कराने के लिए 10 हजार से अधिक पुलिस कर्मी लगाए गए हैं।

जिसमें 25 प्लाटून सीपीएमएफ, दो प्लाटून पीएसी, 3500 पुलिस कर्मी, 3500 होमगार्ड की सशस्त्र ड्यूटी लगाई गई है। 3614 बूथ और 1411 मतदान केंद्र के भीतर की जिम्मेदारी सीपीएमएफ को दी जाएगी। वहीं बाहर की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस और चुनाव ड्यूटी में लगी फोर्स की रहेगी। शहर में जितने भी अधिकारी हैं उन सबकी ड्यूटी लगाई जाएगी।

### 40 हजार लोग पाबंद

कमिश्नरेट के अधिकारियों ने बताया कि 40 हजार लोगों को पाबंद किया गया है। 1200 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की जा चुकी है। 200 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट और नौ के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने 109 अवैध शस्त्र बरामद किए हैं। दो हजार लीटर अवैध शराब और 340 किलो मादक पदार्थ बरामद किए हैं।

## हर बूथ पर लाभार्थी को बनाएं स्टार प्रचारक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कानपुर लोकसभा क्षेत्र की कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल। अमृत विचार

- प्रदेश के महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को उन्नाव, कानपुर, इटावा और कन्नौज में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर लाभार्थी को स्टार प्रचारक बनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता को आर्थिक व सामाजिक रूप से सबल किया गया है और देश के सांस्कृतिक गौरव की यात्रा भी शुरू हुई है। सीएम योगी की सरकार में उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है। बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान सुरक्षित हुए हैं।

प्रदेश महामंत्री ने कानपुर में कहा कि 9 मई से 13 मई मतदान के दिन तक अपने बूथों से लाभार्थी मतदाताओं को सूची बद्ध कर मतदान के लिए प्रेरित करें। महामंत्री संगठन ने कोर कमेटी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कहा की पार्टी के सभी जिम्मेदारी पदाधिकारी अपने अपने बूथों पर प्रवास कर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करें। हर बूथ पर लाभार्थी को स्टार प्रचारक बनाएं। पीएम मोदी का संदेश जिस घर तक न पहुंचा हो तीन दिन में मोदी जी के प्रणाम को पहुंचाएं। कल से ही ज्यादा से ज्यादा बूथों पर पहुंच पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करें। मतदाताओं तक परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी जी का पत्र लेकर हर घर की दहलीज तक पहुंचना है।

बूथ की विजय के लिए बूथ की टीम पन्ना प्रमुखों सहित सभी को योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णय को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, अनूप अवस्थी, दीपू पांडे, शिवराम सिंह, महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, सलिल विश्नोई, लोकसभा प्रभारी रामशरण कटियार, मणिकांत जैन, रमाकांत त्रिपाठी, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, अजय कपूर रहे।

### वीआईपी को लेकर डटे रहे पुलिस कमिश्नर

- मुख्यमंत्री की जनसभा और वीआईपी आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवींद्र कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर रंजीत कुमार व मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा जगह-जगह भ्रमण करते रहे। सुरक्षा व्यवस्था देखकर संबधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा जनसंपर्क करते हुए।

### भाजपा सरकार युवाओं व किसानों की विरोधी : आलोक मिश्रा

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा बुधवार सुबह किदवई नगर संजय वन पार्क पहुंचे, यहां पर लोगों से जनसंपर्क किया। चौक गुरुद्वारा में माथा टेका। इसके बाद उन्होंने डिप्टी पड़ाव, सफेद कॉलोनी, गुजैनी सब्जी मंडी, आंबेडकर चौराहा, गुजैनी, कोपरगंज, मसवानपुर, ब्रह्मनगर बेकनगंज, नयागंज, वीआईपी रोड आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क व जनसभा की। बेकनगंज दादा मियां दरगाह पर चादर चढाई। साथ ही कुछ जगहों पर पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ चुनावी बैठक की। इस दौरान सुनील त्रिपाठी, कांग्रेस नगर जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, कंवलजीत सिंह, अवनीश सलूजा, अमित त्रिपाठी, राजेन्द्र द्विवेदी, गौरव द्विवेदी, आम आदमी पार्टी सुधीर सिन्हा, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, पवन कुमार सोनकर, मनोज सोनकर, राम शंकर दिवाकर, राज त्रिपाठी, जया त्रिपाठी, आदि रहे।

### डीसीपी ने चेकिंग कर दिए निर्देश

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना बिठूर क्षेत्र में गंगापुल, सिंहपुर व थाना कल्यानपुर क्षेत्र में नवशील धाम, आईआईटी पर लगी स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) नाका, चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर तैनात पुलिस बल को मुस्तैदी से ड्यूटी करने की हिदायत दी। आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के लिए निर्देश दिए।

**कवायद** वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं के घर पोस्टल बैलेट लेकर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, चलने में असमर्थ मतदाताओं ने अंगुली पर लगी नीली स्याही दिखाकर जताई खुशी

# 85 प्लस मतदाताओं के घर पहुंचीं विशेष टीमें, कराया मतदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**कानपुर संसदीय सीट**

| | |
|---|---|
| 85 प्लस के मतदाता | 608 |
| दिव्यांग मतदाता | 303 |

**अकबरपुर संसदीय सीट**

| | |
|---|---|
| 85 प्लस के मतदाता | 475 |
| दिव्यांग मतदाता | 291 |

**अमृत विचार।** चलने और उठने-बैठने में असहज बुजुर्ग मतदाताओं के चेहरे पर बुधवार को खुशी के भाव दिखे। बिस्तर पर बैठे-बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान किया। उंगली में स्याही लगाई गई तो देखकर खुश हो गए। कहा मेरी नैतिक जिम्मेदारी को साकार करने में चुनाव आयोग ने सहारा दिया है। हर बार बूथ तक चलकर जाते थे, इस बार पोस्टल बैलेट चलकर आया है।

सरसैयाघाट स्थित वेयर हाउस से बुधवार सुबह पोस्टल बैलेट के साथ पोलिंग पार्टियां घर-घर के लिए रवाना हुईं। कानपुर व अकबरपुर संसदीय सीट के सभी 10 विधानसभाओं में 68 पोलिंग पार्टियां पोस्टल बैलेट के साथ निकलीं। विधानसभाओं में 85 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर पोस्टल बैलेट से मतदान कराने पहुंची।

आठ से 10 मई तक कुल 1677 मतदाताओं के पोस्टल बैलेट से वोट पड़ने हैं। जिसमें कानपुर सीट में 85 प्लस मतदाता 608 व दिव्यांग 303 हैं। वहीं अकबरपुर सीट में 85 प्लस 475 व दिव्यांग 291 मतदाता हैं।



मतदान से पहले अंगूठा लगातीं रेवती देवी।

### सोफे पर बैठकर किया मतदान

कर्रही फेस-वन निवासी 90 वर्षीय रेवती देवी के घर बुधवार दोपहर एक बजे मतदान कर्मी पहुंचे। बीएलओ ने दरवाजा खटखटाकर पोस्टल बैलेट की जानकारी दी तो रेवती देवी और उनके परिजन खुश हुए। रेवती देवी ने कहा कि हर बार बूथ पर जाकर मतदान करती थीं, लेकिन अब शरीर साथ नहीं देता है। उम्र बढ़ने के साथ चलते में लाचार हैं। उन्होंने अपने नाती की मदद से मतदान किया और उंगली पर स्याही दिखाते हुए खुशी हाजिर की।



बहू की मदद से मतदान करते चंद्रभान गुप्ता।

### लकवा मारा, अब पैर नहीं उठता

गुंजन विहार कर्रही निवासी 65 वर्षीय चंद्रभान गुप्ता को सात साल पहले लकवा मार गया था। उनकी पत्नी अनीता ने बताया इधर दो साल से उठने-बैठने में भी दिक्कत होने लगी है। पहले बूथ तक वोट डालने जाते थे। लाइन लगाकर खड़े रहते थे। इस बार असहज दिखे तो चुनाव आयोग ने मदद की। फार्म 12 डी से आवेदन किया था। मतदान करने के बाद चंद्रभान काफी खुश नजर आए। कहा कि आखिरकार मेरा भी वोट पड़ गया।



बेटे की मदद से मतदान करते रामनाथ गुप्ता।

### सामाजिक जिम्मेदारी निभानी थी

जे-ब्लॉक कर्रही निवासी 90 वर्षीय रामनाथ गुप्ता सिंचाई विभाग से करीब 30 वर्ष पहले सेवानिवृत्त हुए थे। अधिक उम्र के कारण शारीर अब साथ नहीं देता है। अब चलने की स्थिति में नहीं है। लोकसभा चुनाव में सामाजिक जिम्मेदारी निभाना चाहता था, इसलिए नाती एकांश ने मदद की और पोस्टल बैलेट के लिए फार्म भरवाया। बुधवार को जब मतदान कर्मियों ने उनका वोट डलवाया तो चेहरे पर खुशी का भाव दिखाई दिया।

## एक नजर

### कल झींझक आएंगे अखिलेश यादव



**मंगलपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 10 मई को झींझक कस्बे में चुनावी सभा कर जनता को संबोधित करेंगे। जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए सपाइयों ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

### जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत

**शिवराजपुर।** कल्याणपुर निवासी ऋतुराज सिंह ने एसडीएम को दिए गए पत्र में बताया कि बर्राजपुर के समीर द्विवेदी का उसके नाम पंजीकृत अनुबंध पत्र है। जमीन पर उसका कब्जा है। उसकी जमीन पर बर्राजपुर निवासी लाल सिंह अपने साथियों के साथ जबर्दस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने और बलात्कार का मुकदमा लगवाने की धमकी दे रहा है। एसडीएम रश्मि लांबा ने थाना प्रभारी शिवराजपुर को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# महिला को जिंदा जलाने में पति और सास को आजीवन कारावास

## भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हांसेमऊ गांव में 6 सितंबर 2019 को हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**घाटमपुर का मामला**

- मायके से रुपये नहीं लाने पर मिट्टी का तेल डाल जलाया था
- एडीजे (प्रथम) ने पति पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया



**अमृत विचारः** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हांसेमऊ गांव में करीब साढ़े चार साल पहले मायके से रुपये न लाने पर विवाहिता को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाने के मामले में अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया है। अपर जिला जज (प्रथम) चंद्रशेखर ने हत्या में आरोपी पति व सास को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता विवेक कुमार त्रिपाठी के मुताबिक घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के रठगांव निवासी सीताराम ने भोगनीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उसने अपनी बेटी गुड़िया की शादी आठ साल पहले भोगनीपुर क्षेत्र के हांसेमऊ गांव निवासी सुनील संखवार के साथ की थी। सुनील शराब का आदी है और आए दिन लड़ाई-झगड़ा कर पुत्री गुड़िया पर मायके से रुपये लाने का दबाव बनाता था। बेटी के मना करने पर उसे मारता-पीटता था।

एफआईआर के अनुसार 6 सितंबर 2019 की शाम पति सुनील, ससुर रामशंकर, सास सावित्री, चचिया ससुर उमाशंकर और रामचंद्र ने बेटी गुड़िया से मारपीट की और मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया। इसके बाद घर से भाग गए। जानकारी मिलने पर वह हांसेमऊ गांव पहुंचा और गंभीर अवस्था में गुड़िया को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी पति सुनील और सास सावित्री के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अन्य आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य न मिलने पर उनके नाम हटा दिए गए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज (प्रथम) की अदालत में चल रही थी। बुधवार को एडीजे चंद्रशेखर ने इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पति सुनील और सास सावित्री को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोषी सुनील पर 10 हजार रुपये और सास सावित्री पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# बहन की जलाकर हत्या करने में भाई को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- मकान के बंटवारे के विवाद में कांधी गांव में हुई थी घटना

**अमृत विचारः** डेरापुर क्षेत्र के कांधी गांव में करीब आठ साल पहले मकान के बंटवारे के विवाद में बहन के साथ मारपीट कर जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में बुधवार को जिला जज ने आरोपी भाई को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि डेरापुर क्षेत्र के कांधी गांव की रहने वाली शिमला देवी की शादी औरैया के धर्मेंद्र से हुई थी। पति से विवाद होने के बाद वह अपने मायके कांधी में करीब 15 साल से रह रही थी। यहां मकान के बंटवारे को लेकर विवाद में 11 जनवरी 2016 को उसके भाई मनोज कुमार ने उसके साथ मारपीट करने के बाद जिंदा जलाकर हत्या कर दी थी।

मां चंदा देवी ने दूसरे बेटे राजमंगल से तहरीर लिखवाकर डेरापुर थाने में अपने बेटे मनोज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में विवेचना करते हुए आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और उसके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र पेश किए थे। मामले की सुनवाई जिला जज जय प्रकाश तिवारी की अदालत में चल रही थी। बुधवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी मनोज कुमार को दोषी सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास का भी आदेश किया गया है।

## पत्नी को पेट्रोल डाल जलाने की धमकी

**घाटमपुर।** कस्बे में नवविवाहिता के पति व नंद -ननदोई ने दहेज न देने पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है।

कस्बे के पुराना अस्पताल रोड निवासी दीपक कुमार की पत्नी पूनम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पति दीपक तिवारी हर समय गालियां और जिंदा जला देने की धमकी देता है। कई बार पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। रात के समय घर से निकाल देता है। खाना भी नहीं देते हैं। ससुर दिनेश तिवारी, पति दीपक तिवारी, छोटी नंद डाली, ननदोई सत्यम ने मारपीट की और सारा जेवर छीनकर घर से निकाल दिया। दहेज न देने के पर अपशब्दों उपयोग करते हैं। रात के समय में बड़ी बेरहमी से हर समय मारपीट करते हैं। पूनम ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। इसके आधार पर जांच कार्रवाई की जाएगी।

# अमावस्या पर निकाली गई शोभायात्रा

संवाददाता, चौबेपुर




रौतापुर गांव में सांग लगाकर निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार

- चौबेपुर क्षेत्र में जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

**अमृत विचार।** बैसाखी अमावस्या (सतुवाही अमावस्या) पर बुधवार को जगह-जगह भंडारे व शरबत वितरण के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर रौतापुर गांव में शोभायात्रा भी निकाली गई। बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा स्नान और दान कर पुण्य कमाया।

वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या का अपना विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान सीधा पितरों के लिए होता है। पितृ पक्ष के अतिरिक्त यह तिथि पितरों के पूजन के लिए विशेष तौर पर शुभ मानी गई है। पर्व पर बुधवार को कस्बे के मालौं रेलवे क्रॉसिंग के सामने भंडारे का आयोजन कराया गया, जिसमें आयोजकों ने राहगीरों को रोक-रोककर प्रसाद बांटा।

क्षेत्र के रौतापुर गांव में पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी काली मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में जहां महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थीं, वहीं युवक सांग लगाकर चल रहे थे। आसपास के गांव बंसी पुरवा, रामपुरवा, गहरी व मकान पुरवा होते हुए शोभा यात्रा का समापन काली मंदिर में हुआ। इस दौरान कई स्थानों पर लोगों ने भंडारे व शरबत वितरण का आयोजन किया। दूसरी ओर भीषण गर्मी के दौरान रामपुर गांव में भी शरबत वितरण कराया गया। यहां रामनिवास, सौरभ शुक्ला, शेखर व सोनू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## प्रवेश के लिए छात्रों का हंगामा

**कानपुर।** हाई स्कूल में प्रवेश लेने आए स्कूली छात्रों ने बुधवार को छावनी परिषद विद्यालय मीरपुर कैंट में हंगामा किया। बताया गया कि स्कूल के पास सिर्फ 8 तक ही मान्यता थी। इसके बावजूद भी स्कूल प्रबंधन हाई स्कूल के आवेदन दूसरे स्कूल से भरवाता था। बुधवार को छात्र जब स्कूल में पवेश के लिए आए तो उन्हें उसी स्कूल में प्रवेश के लिए जाने को कहा गया जहां से आवेदन फॉर्म भ्ररवाया जाता था। 136 छात्र ऐसे थे जो इस स्कूल में आवेदन करने आए थे। ऐसे में छात्रों और अभिभावकों ने स्कूल में हंगामा करना शुरू कर दिया। पूरे मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने कहा कि उन्हें अब तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। मामला संज्ञान में आया है। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

# झुलसे मजदूर की मौत शव रखकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, सचेंडी/कानपुर

- पुलिस की परिजनों से हुई तीखी बहस

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र के गुरुवार को प्रतीश रस्तोगी की पीआर इंडस्ट्रीज टायर रिसाइकलिंग प्लांट में लगी आग में झुलसे मजदूरों में एक ने मंगलवार देर रात निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद मुआवजे की मांग को लेकर फैक्ट्री के पास शव रखकर हंगामा काटा। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक को थाने में बुलवाया। जहां दोनों पक्षों में मुआवजे को लेकर जमकर नोकझोंक हुई।

भगवंतपुर गांव के पास पांडु नगर निवासी प्रतीश रस्तोगी की पीआर इंडस्ट्रीज नामक टायर रिसाइकलिंग प्लांट में गुरुवार को बॉयलर का ढक्कन लीक होने से आग लग गई थी। डेरापुर के बिहारी गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेश पाल और रसूलपुर गोगूमऊ निवासी सुनील कुमार झुलस गए थे। जिन्हें पनकी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार देर रात इलाज के दौरान सुरेश पाल की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री मालिक बुलाने के बावजूद वह मौके पर नहीं आया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन फैक्ट्री के बाहर शव रखकर धरने पर बैठ गए। सचेंडी पुलिस ने फैक्ट्री मालिक को थाने बुलाया, जहां मृतक के परिजनों और फैक्ट्री मालिक में मुआवजे को लेकर नोकझोंक हुई। काफी देर बाद मामला शांत हो सका।

## सार-संक्षेप



जनसंपर्क करते इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार

### राजाराम पाल के समर्थन में वरिष्ठ अधिवक्ता

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में विशाल अधिवक्ता सम्मेलन का भी आयोजन हुआ, जिसमे कानपुर बार एसोसिएशन व दि लॉयर्स एसोसिएशन के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने प्रत्याशी राजाराम पाल को समर्थन देने की घोषणा की। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व मंत्री नरेश चंद त्रिपाठी व दि लायर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पं. रवींद्र शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता मिलकर राजाराम पाल को समर्थन देते हैं। राजाराम पाल ने कई गांवों में जनसंपर्क भी किया। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, सपा के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, राम गोपाल पुरी, मुनीन्द्र शुक्ला, भूधर नारायण मिश्रा, नेकचंद पाण्डेय, पूर्व विधायक सतीश निगम, एड. सियाराम पाल, कमिश्नरी बार एसोसिएशन अध्यक्ष एड. दिनेश चंद वर्मा, सेल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रियाजुद्दीन जुनैदी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एड. रामेंद्र कटि, महामंत्री हरप्रकाश अग्निहोत्री, सोमेन्द्र शर्मा, सुरेश यादव, मो. हाजी वसीक, शशिकांत दीक्षित समेत आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

### घर-घर पहुंचेंगी न्याय पत्र की गारंटियां : अविनाश पांडेय

**कानपुर।** कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के मनोरमा गेस्ट हाउस में बुधवार को इंडिया गठबंधन समन्वय की बैठक हुई, जिसमे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत व लगन से घर-घर अभियान चलाने और न्याय पत्र की गारंटियों को घर-घर पहुंचाने की अपील की। निर्देश दिए कि 13 मई को अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान दिवस पर सभी बूथ पर कांग्रेस के 10 कार्यकर्ता जरूर मौजूद रहेंगे। ग्रामीण जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय व करिश्मा ठाकुर नरेन्द्र शर्मा, राजीव द्विवेदी, कनिष्क पाण्डेय, नंदराम सोनकर, अम्बरीश सिंह गौड़, अशोक निषाद, नरेश कटियार, बबलू राजा, आम आदमी पार्टी के संयोजक मदन भाटिया, भूधर नारायण मिश्रा, नेकचंद पाण्डेय, दिनेश पासवान आदि रहे।

### द ग्रेट खली आज मांगेंगे भाजपा के लिए वोट



**कानपुर।** डब्लूडब्लूई रेसलर द ग्रेट खली गुरुवार को शहर में किदवई नगर विधानसभा में रोड शो कर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के लिए वोट मांगेंगे। भाजपा दक्षिण एवं शहर संसदीय क्षेत्र के मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने यह जानकारी दी कि भारतीय पहलवान द ग्रेट खली का रोड शो शाम पांच बजे सीटीआई चौराहा से शुरू होगा जो चावला मार्केट, परम पुरवा, जूही डिपो, बारादेवी चौराहा, साइड नंबर वन, किदवई नगर चौराहा, 40 दुकान, बाबूपुरवा, चारराड चौराहा से होते हुए बाकरगंज चौराहे पर समाप्त होगा।




रैली निकालतीं छात्राएं, शिक्षिकाएं व रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य। अमृत विचार

### वोट का निशान, समझदार वोटर की पहचान

**कानपुर।** विश्व रेडक्रास दिवस पर बुधवार को मालरोड स्थित एसएन सेन बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं व शिक्षकों ने मेरा देश-मेरा वोट जनजागरुकता अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत रेडक्रास के सचिव आरके सफर और प्रधानाचार्या सविता यादव ने की। मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए छात्रों ने तख्तियों में मतदान का पर्व-देश का गर्व, मेरा देश-मेरा वोट, उंगली पर वोट का निशान-समझदार वोटर की पहचान, पहले मतादन-फिर जलपान आदि स्लोगन लिखा। रैली निकालकर छात्राओं व शिक्षिकाओं ने लोगों को जागरूक कर 13 मई को मतदान जरूर करने की अपील की। रेडक्रॉस व आपदा प्रबंधन के मुख्य प्रशिक्षक लखन शुक्ल, प्रधानाचार्या सविता यादव नीतू गौर, अनामिका, संगीता वर्मा, ज्योति, बबीता, नीता श्रीवास्तव, शालिनी पांडे समेत अन्य शिक्षक व छात्राएं मौजूद रही।

### छूटे हुए कार्मिकों का ईवीएम प्रशिक्षण आज

**कानपुर।** राजकीय पॉलीटेक्निक में तीन से आठ मई तक गैरहाजिर रहे कार्मिको को नौ मई गुरुवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अनुपस्थित कार्मिकों से रिवर्ज दिवस पर प्रशिक्षण से पहले स्पष्टीकरण देना होगा। वहीं बुधवार को प्रेक्षक ने भी प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया और कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण सुधीर कुमार ने बताया कि मतदान और मतगणना संबंधी द्वितीय प्रशिक्षण तीन मई से आठ मई तक तीनों पालियों में दिया गया है। प्रथम दिन से लेकर आठ मई तक कुल 1117 कार्मिक गैरहाजिर रहे हैं। जिनसे स्पष्टीकरण लेने के बाद ही रिजर्व दिवस पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। रिजर्व दिवस पर जो कार्मिक गैरहाजिर रहेगा उसके खिलाफ चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल पीठासीन अधिकारी 343, मतदान अधिकारी प्रथम 215, मतदान अधिकारी द्वितीय 266, मतदान अधिकारी तृतीय 293 गैरहाजिर रहे हें। जिन्हें गुरुवार को रिवर्ज दिवस पर ईवीएम प्रशिक्षण दिया जाएगा। बुधवार को कानपुर सीट की सामान्य प्रेक्षक ने भी प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया। अधिकारी से प्रशिक्षण संबंधी जानकारी लेने के बाद कार्मिको को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# फरार पांच आरोपियों का सोशल मीडिया से पीछा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इटावा के छात्र से हैवानियत करने का मामला

**अमृत विचार।** काकादेव थाना क्षेत्र में इटावा के छात्र के साथ अमानवीय व्यवहार और बर्बरतापूर्क यातनाएं देने के मामले में पुलिस फरार पांच आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस फरार आरोपियों को सोशल मीडिया के उनके एकाउंट्स के जरिए ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शहर और घर में आरोपी नहीं मिले हैं।

इटावा के आसपास के जनपदों में अपने रिश्तेदार और दोस्तों के यहां आरोपी फरारी काट रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में बुधवार को तीन मददगारों को उठाकर उनसे पूछताछ की है। सर्विलांस सिस्टम के अलावा पुलिस आरोपियों के सोशल मीडिया एकाउंट्स के जरिए भी उन्हें ट्रेस करने का प्रयास कर रही है।

रविवार को सोशल मीडिया पर सात वीडियो वायरल हुए थे। जिसमें इटावा के छात्र के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए आरोपी दिखाई दे रहे थे। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों तन्मय चौरसिया, अभिषेक कुमार वर्मा, योगेश विश्वकर्मा, संजीव कुमार यादव, हरगोविंद उर्फ केशव तिवारी और शिवा त्रिपाठी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

वहीं पांच आरोपी फरार हैं। डीसीपी सेन्ट्रल आरएस गौतम ने बताया कि आरोपी इटावा के आसपास के गांवों में छुप गए हैं। उनकी तलाश में वहां पर कुछ लोगों को उठाकर पूछताछ की गई है। सीडीआर (कॉल डीटेल रिपोर्ट) से भी कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस टीमें जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेंगी।

## विवि का डायट के साथ एमओयू

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविध्यालय का बुधवार को डायट कानपुर व डायट कानपुर देहात के साथ एक समझौता पत्र साइन हुआ। इस समझौता पत्र के तहत तीनों संस्थान मिलकर शिक्षा के सैद्धांतिक व व्यवहारिक पक्षों का प्रभावपूर्ण क्रियान्वयन करेंगे। इसके अलावा शिक्षा के अधिक उत्पादक बनाए जाने व शोध व शिक्षण कार्य दोनो ही संस्थाओं का परस्पर संयुक्त प्रयास इनकी सार्थकता को और बढ़ावा देगा। समझौता पत्र साइन होने के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक, विवि के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल यादव, डीडीआर कानपुर मंडल कानपुर व प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कानपुर देहात राजू राणा,

एडी बेसिक व डायट प्रभारी डायट प्राचार्य नर्वल, डायट प्रवक्ता डॉ. मोनिका व विभागाध्यक्ष स्कूल को टीचर एजुकेशन डॉ. रश्मि गोरे प्रमुख रूप सौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग ने पुलिस को सौंपे जांच के दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौ लोगों के बयान जांच रिपोर्ट में शामिल किए गए

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग में फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच ने तेजी पकड़ ली है। विभाग की ओर से पुलिस की जांच टीम को सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज सौंप दिए हैं। इनमें अब तक नौ लोगों के बयानों को भी शामिल किया गया है।

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कर्मचारी जो इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल रहे हैं उनके लिखित बयानों को भी पुलिस जांच टीम को सौंपा गया है। पूरे मामले की विभागीय जांच भी चल रही है। दोनों स्कूलों ने अभी अपनी जांच रिपोर्ट नहीं दी है। पुराने रजिस्टर और जांच से जुड़े दस्तावेजों में छेड़छाड़ की जांच भी की जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस के साथ विभाग पूरा सहयोग कर रहा है। विभागीय जांच भी चल रही है।

**छह जिलों में भेजी जाएगी पुलिस**

फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में पैनल में जिन फर्जी शिक्षकों के नाम कूटरचित चयन सूची में शामिल हैं. वे सभी सीतापुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर और वाराणसी से जुड़े हुए हैं। पुलिस के पास इनके पते हैं। पुलिस ने दोनों रिटायर डीआईओएस प्रथम व द्वितीय के पते भी ले लिए हैं। इसके बारे में उनसे भी बयान लिए जाएंगे। पुलिस ने उस कंप्यूटर का स्क्रीन शॉट भी लिया है। इसमें वह मेल दिख रही है जिस नाम से फर्जी मेल आई है। इसके अतिरिक्त उसका आईपी एड्रेस भी ले लिया गया है। आईपी एड्रेस को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां से मेल भेजी गई है। इसके लिए साइबर और फोरेंसिक सेल की मदद ली जा रही है।

## एक घंटे बाधित रहा लखनऊ रेल रूट

**कानपुर।** तेज हवाओं के कारण उन्नाव के मगरवारा में बुधवार शाम धमाके के साथ ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके कारण कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग एक घंटे तक बाधित रहा। बिहार संपर्क क्रांति, फर्रुखाबाद छपरा एक्सप्रेस समेत आधा दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहीं।

बुधवार को सुबह से तेज हवाएं चल रहीं थीं। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इसी कारण शाम करीब 5.50 बजे मगरवारा के पास ओएचई अचानक धमाके के साथ ट्रिप हो गई। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने ट्रेनों को जहां की तहां रोकने का आदेश दिया। सेंट्रल स्टेशन पर भी तीन ट्रेनों को तत्काल रोका गया।

वहीं लखनऊ से चलने वाली ट्रेनें आसपास के स्टेशनों पर ही रोकी गईं। लखनऊ जाने वाली 15084 फर्रुखाबाद छपरा और 12566 बिहार संपर्कक्रांति सेंट्रल स्टेशन पर खड़ी रही। रेलवे की इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य किया।

**अपराध** कलक्टरगंज की युवती को बनाया शिकार

# क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती को साइबर ठगों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के नाम पर अच्छा लाभ कमाने का मौका देकर लाखों हड़प लिए। पीड़िता रुपये निवेश करती गई। जब उसे लाभ का रुपये नहीं मिला तब तक आरोपियों ने संपर्क तोड़ लिया। पीड़िता ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सिरकी मोहाल निवासी श्रद्धा जायसवाल ने पुलिस को बताया कि उसे कॉल और व्हाट्सअप के माध्यम से पैसिव इनकम के बारे मे संदेश मिला। सामने वाले व्यक्ति ने इसकी प्रक्रिया के बारे में बताया और क्रिप्टो करेंसी में निवेश जैसे प्रीपेड कार्यों में निवेश करने की सलाह दी। बताया कि मामला 15 अप्रैल से शुरू हुआ। उस दिन से प्रतिदिन ऑफर मिलते थे। 19 अप्रैल को उसे रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से प्रापर्ड टॉस्क में निवेश करने लिए कहा। जिस पर उन्होंने सबसे पहले 20,000 रुपये की क्रिप्टो करेंसी खरीदने के लिये निवेश किया जिसमें उसे 26,000 मिलने की बात हुई। दूसरी बार में 65,000 रुपये की क्रिप्टो करेंसी खरीदने के लिये कहा और भुगतान 1,05,000 के लिए बताया गया।

इस पर भी उन्होंने निवेश कर दिया। तीसरी बार में 85,000 रुपये का निवेश करने को कहा गया और भुगतान रकम 1,36,000 देने की बात कही गई। ये सारी रकम उन्होंने अपने पंजाब नेशनल बैंक से की। बताया कि उनकी कुल रकम 1,70,000 रुपये है। बताया कि यह रकम किसी फेबिन जोसफ, विक्रम कंसलटेंसी को गई है। उसने उन लोगों से संपर्क किया तो संपर्क तोड़ दिया गया। इस संबंध में कलक्टरगंज थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात पर आईटीएक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**बिल न जमा होने की बात कहकर उड़ाई रकम**

सफीपुर रामादेवी निवासी शिखा उमराव ने पुलिस को बताया कि उनके पास फोन आया और कहा गया आप का बिजली का बिल जमा नहीं है। इसलिए उनका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। वह तत्काल अपना पैसा जमा करिए। जिस पर उन्होंने उपलब्ध कराये गए माध्यम से पैसा जमा कर दिया। बताया कि 30 अप्रैल को पैसे कटने के तीन मैसेज मोबाइल पर मिले। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड ने यूपीआई के माध्यम से तीन बार में पहले 9,900 रुपये फिर 40,000 और उसके बाद 8,100 रुपये पार कर दिए। इस मामले में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात पर आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## चुनाव ड्यूटी से लौटे होमगार्ड की मौत

**सिकंदरा।** चुनाव ड्यूटी कर लौट रहे होमगार्ड की सिकंदरा कस्बे में अचानक तबियत बिगड़ गई। राहगीरों ने उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

अमराहट थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी हरिशंकर (55) होमगार्ड थे। वह तीन दिन पूर्व आगरा में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी पर गए थे। बुधवार की सुबह आगरा से वापस लौट रहे थे। सिकंदरा कस्बे पहुंचने पर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। राहगीर उन्हें नजदीक के निजी अस्पताल में ले गए, जहां भर्ती कर उनका इलाज शुरू किया गया, लेकिन कुछ देर बाद ही हरिशंकर की मौत हो गई।

मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पति की मौत से पत्नी रामसखी बदहवाश हो गई। पुत्र अवधेश, बेटी, गुड्डी देवी, संतोषी, प्रीति देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गंगा पुल की मरम्मत शुरू लगी वाहनों की कतार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रात में जाजमऊ पुराने गंगापुल की ढह गई थी स्लैब

**अमृत विचार।** मंगलवार देर रात जाजमऊ स्थित जर्जर पुराने गंगापुल की स्लैब का कुछ हिस्सा ढह गया था। पुल पर भारी वाहनों का दबाव होने के कारण हादसे की आशंका पर ट्रैफिक पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्थान पर बेरीकेडिंग लगा कर रूट डायवर्ट किया था। मामले को संज्ञान लेते हुए बुधवार को एनएचएआई मरम्मत कार्य शुरू कराया। वहीं काम होने के बाद पुल पर बेरेकेडिंग लगाये जाने से दिन भर वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

जाजमऊ के पुराने गंगापुल पर लखनऊ से कानपुर की ओर आने वाले हिस्से की शुरूआत पर स्लैब का कुछ हिस्सा ढह गया था। जिससे पुल के किनारे सड़क पर गड्ढा हो गया था। ट्रैफिक पुलिस ने हादसे की रोकथाम के लिए गड्ढे के पास बेरीकेडिंग लगा दी थी। बुधवार की सुबह एनएचएआई की मेंटीनेंस कंपनी ने पुल के नीचे साफ सफाई कराई और गड्ढे की मरम्मत के लिए खोदाई कार्य शुरू कराया।

वहीं काम के दौरान गड्ढे के तीन तरफ बेरेकेडिंग लगाई गई, जिससे उन्नाव की तरफ से जाजमऊ आने वाले वाहनों को रुक रुककर निकलना पड़ रहा था। जिस कारण से पुल पर वाहनों की लाइन लग रही थी। ठेकेदार ने बताया कि सड़क की कटिंग करने के बाद अब स्लैब डाली जायेगी। फिर मजबूती के लिए गड्ढे की सीमेंट से ढलाई करने के बाद डामरीकरण किया जायेगा। एनएचएआई के परियोजना प्रबंधक अमन रोहिला ने बताया कि पुल की स्लैब नहीं धंसी है। अप्रोच कैविटी बढ़ गई है, जिससे पुल के नीचे हिस्से में गड्ढा हो गया था। उसकी मरम्मत का काम कराया जा रहा है।

